मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेन्सी क्षेत्र–इन्दौर

क्रमांक 2890/04/2023/चयन, इन्दौर दिनांक 05.06.2023

## //विज्ञप्ति//

## राज्य वन सेवा परीक्षा 2020 के साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना ।

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 04/2020 दिनांक 28.12.2020 में मध्य प्रदेश शासन के वन विभाग के अंतर्गत **राज्य वन सेवा परीक्षा 2020** के तहत **सहायक वन संरक्षक** के **कुल 06 (UR-03, SC-01, ST-01, OBC-01, EWS-00)** एवं **वन क्षेत्रपाल** के **कुल 105 (UR-47, SC-11, ST-06, OBC-31, EWS-10)** के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है । जिसकी लिखित परीक्षा उपरांत परीक्षा परिणाम दिनांक 15.02.2023 को घोषित किया गया है ।

2/ आयोग द्वारा राज्य वन सेवा परीक्षा 2020 में परीक्षा परिणाम आयोग की विज्ञप्ति क्र. 14620/30/2022/अनु–10 इन्दौर दिनांक 15.02.2023 को मुख्य भाग में कुल अर्ह आवेदक 276 एवं प्रावधिक भाग में कुल 98 आवेदकों को साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह घोषित किया गया है, जिसमें आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ आयोग कार्यालय में अभिलेख भिजवाने की अंतिम तिथि 15.03.2023 निर्धारित की गई है ।

3/ आयोग द्वारा राज्य वन सेवा परीक्षा 2020 के साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक **26.06.2023 से 01.07.2023** तक कुल 05 दिवस में आयोजित किए जाना सुनिश्चित किए गए हैं ।

4/ उपरोक्त पद हेतु आयोग द्वारा योग्य आवेदकों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in से दिनांक **20.06.2023** से डाउनलोड कर सकते हैं ।

5/ साक्षात्कार हेतु आमंत्रित आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार दिवस को **प्रातः 09:00** बजे आयोग कार्यालय में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें । समस्त आवेदक साक्षात्कार पत्र में दर्शित शर्तो का गहनता से परीक्षण कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें।

6/ अंतिम चयन परिणाम घोषित होने के पश्चात, नियुक्ति पूर्व विभाग द्वारा निर्धारित चिकित्सा मंडल द्वारा उम्मीद्वारों की ऊँचाई एवं सीने के मापदंड लिए जाएंगे तथा उम्मीद्वारों की श्रवण शक्ति, दृष्टि एवं वन विभाग में बाह्य सेवा (आऊट डोर वर्क) हेतु न्यूनतम शारीरिक मापदंड का परीक्षण पृथक से किया जाएगा । केवल उक्त परीक्षणों में सफल अभ्यर्थी ही नियुक्ति हेतु पात्र होंगे । इस संबंध में विभाग द्वारा पृथक से यथासमय सूचना जारी की जाएगी ।

MKVerma
**स्टॉफ ऑफिसर**